हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 मई 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



## खबर संक्षेप

### जीएच रायसोनी मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 30 से

**अम्बिकापुर।** शतरंज संघ सरगुजा द्वारा जिले में 30 एवं 31 मई को द्वितीय जीएच रायसोनी मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड रैपिड शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता शहर के सरस्वती शिशु मंदिर हाल में संपन्न होगी। सरगुजा शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 9 चक्रों में होगी जिसमें सभी वर्गों के खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी वर्गों के लिए ट्राफी एवं प्राइज मनी अलग अलग रखी गई है। ओपन वर्ग में ट्राफी-मेडल के साथ प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 7 हजार, तृतीय 5 हजार, चतुर्थ 4, पंचम पुरस्कार 3 हजार रूपए, छठवें से दसवां तक 1 हजार रूपए एवं ग्यारहवें से बीसवें स्थान तक के लिए 5 सौ रूपए राशि निर्धारित की गई है। इसके अलावा अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 व अंडर-15 के विजेता बालक एवं बालिकाओं को बेस्ट वैटरन, बेस्ट अनरेटेड, बेस्ट फिमेल, बेस्ट रेटिंग 1400-1550) एवं बेस्ट सरगुजा के पुरुष एवं महिलाको भी प्राइज मनी एवं ट्राफी दी जाएगी। प्रतियोगिता में बिना विलंब शुल्क के भाग लेने की अंतिम तिथि 23 मई शाम 5 बजे तक है। वहीं 250 रूपए विलंब शुल्क के साथ 25 मई की शाम 5 बजे तक प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि समस्त नए खिलाड़ियों को सीजीएससीए रजिस्ट्रेशन शुल्क 150 रूपए एवं एआईसीएफ का रजिस्ट्रेशन शुल्क 300 रूपए भी जमा करना होगा।

### नपं शिवनंदनपुर आम निर्वाचन हेतु सेक्टर अधिकारियों की हुई नियुक्ति

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के आम निर्वाचन के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन हेतु कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रेना जमील द्वारा सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत नगर पंचायत शिवनंदनपुर के कुल 15 मतदान केन्द्रों हेतु दो सेक्टर अधिकारी एवं एक रिजर्व सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सेक्टर क्रमांक 1 शिवानंदनपुर मुख्यालय हेतु सहायक संचालक मत्सय विभाग सूरजपुर एमएस सोनवानी को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 से 15 तक के 7 मतदान केन्द्रों के संचालन का दायित्व रहेगा। सेक्टर क्रमांक 2 शिवनंदनपुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सूरजपुर विमल सिंह को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के 8 मतदान केन्द्र आएंगे। रिजर्व सेक्टर अधिकारी के रूप में जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सूरजपुर मनोज साहू को नियुक्त किया गया है, जो आवश्यकता पड़ने पर निर्वाचन कार्य का दायित्व संभालेंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी नियुक्त सेक्टर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का तत्काल भ्रमण कर प्रथम प्रतिवेदन अपने रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करेंगे।

### अलग-अलग स्तर पर शुरू हुई परिणाम की समीक्षा

# 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन पर विभाग हसख्त, प्राचार्यों को नोटिस देने तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधारने के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा किए गए लगातार प्रयासों के बावजूद इस बार सरगुजा एवं एमसीबी का परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहा। जबकि सूरजपुर, कोरिया एवं जशपुर के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने जिले का मान बढ़ाया है। प्रशासन एवं विभाग द्वारा अब अलग-अलग स्तर पर परीक्षा परिणामों की समीक्षा की जा रही है ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके।

**खास बात**

- सरगुजा में 12वीं बोर्ड के परिणाम में 5 .38 फीसदी की आई कमी

10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सुधार लाने की दृष्टि से जिला प्रशासन द्वारा पूरे साल विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। विभाग द्वारा भी जिला एवं संभागस्तर पर शिक्षकों एवं प्राचार्यों के लिए अलग-अलग गाइडलाइन जारी कर बैठके आयोजित की गई। पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए विषयवार विशेष कक्षाएं भी संचालित की गई। बोर्ड परीक्षा के पूर्व विभाग द्वारा विषयवार प्रश्नपत्र जारी कर विद्यालयवार परीक्षाएं भी आयोजित की गई। कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें परीक्षा के लिए तैयार करने विशेष अभियान भी चलाया गया। विभाग के अधिकारी भी नियमित स्कूलों का भ्रमण कर तैयारियों का नियमित जायजा लेते रहे। संभाग के कुछ जिलों में इन गतिविधियों का व्यापक प्रभाव पड़ा तथा परीक्षा परिणाम में उम्मीद से अधिक सुधार हुआ। इसके विपरीत कई जिले अपने पिछले साल के औसत परिणाम को भी कायम रखने में विफल रहे। पिछले साल की तुलना में इस बार सरगुजा जिला में 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 1.46 फीसदी एवं 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 5.38 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। एमसीबी जिले के परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में भारी गिरावट आई है तथा 10वीं बोर्ड के परिणाम में 20.61 फीसदी वहीं 12वीं बोर्ड के परिणाम में 4.6 फीसदी की गिरावट हुई है। सूरजपुर जिला ने 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। पिछले वर्ष की तुलना में 10वीं में 8.03 फीसदी एवं 12वीं बोर्ड में 14.09 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले 5-6 वर्षों से लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जशपुर जिले के परीक्षा परिणाम में भी गिरावट आई है तथा 10वीं में 0.92 फीसदी एवं 12वीं में 0.69 फीसदी की कमी दर्ज की ई है। बलरामपुर जिले में 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 3.63 फीसदी की वृद्धि वहीं 12वीं बोर्ड में 1.47 फीसदी की गिरावट आई है।



### ऐसे प्रभावित हुआ परिणाम

पिछले साल सरगुजा में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 87.58 था जो इस बार गिरकर 84.09 प्रतिशत पहुंच गया है। इसी तरह 12वीं का परीक्षा परिणाम 85.94 फीसदी से गिरकर 80.58 फीसदी पहुंच गया है। एमसीबी जिले में पिछले साल 10वीं का परिणाम 74.73 से गिरकर 59.12 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 86.83 प्रतिशत से गिरकर 82.4 प्रतिशत पहुंच गया है। कोरिया जिले में पिछले साल 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 92.93 फीसदी था जो इस बार बढ़कर 93.02 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड का परिणाम 92.42 फीसदी से बढ़कर 95.64 फीसदी पहुंचा है। जशपुर जिले में पिछले साल 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 94.22 फीसदी था जो बढ़कर 93.29 फीसदी जबकि 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 94.01 फीसद से घटकर 93.32 फीसदी पहुंच गया है। इसी तरह बलरामपुर में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 81.1 फीसदी से बढ़कर 84.63 प्रतिशत जबकि 12वीं बोर्ड के परिणाम में 1.47 फीसदी की गिरावट आई है।

### सरगुजा का प्रदर्शन चिंताजनक

बोर्ड परीक्षाओं में सूरजपुर एवं कोरिया के परीक्षार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को काफी सराहा जा रहा है। कोरिया के सर्वाधिक 78.58 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने 10वीं एवं 12वीं में 79.89 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी वही 3 ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। जशपुर में भी प्रथम श्रेणी से 10वीं में 69.58 एवं 12वीं में 66.53 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। संसाधनों एवं पहुंच की दृष्टि से समृद्ध सरगुजा का प्रदर्शन लगातार प्रभावित हो रहा है तथा प्रावीण्य सूची में जगह बनाना तो दूर शासकीय स्कूलों के शतप्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण भी नहीं हो रहे हैं जो चिंता का विषय है।

### शिक्षकों की कमी बड़ा कारण

परीक्षा परिणाम प्रभावित होने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं लेकिन प्रमुख कारण शिक्षकों की कमी एवं विद्यार्थियों की अनुपस्थिति को माना जा रहा है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। हालांकि विभाग द्वारा संकुल स्तर से शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था करने का दावा किया जा रहा है। विद्यार्थियों के नियमित स्कूल नहीं आने एवं मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा एवं कारणों के निदान हेतु विद्यालय स्तर पर कारगर पहल नहीं करने को भी इसका वजह माना जा रहा है। भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी जिला प्रशासन एवं संभाग स्तर पर परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जा रही है।

### की जा रही समीक्षा

हर जिले का परीक्षा परीणाम मंगाया गया है वृहद समीक्षा की जा रही है। जिला स्तर पर भी परीक्षा परिणामों की समीक्षा की जाएगी तथा बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूल के प्राचार्यों को नोटिस जारी किया जाएगा। सरगुजा एवं एमसीबी जिले के परीक्षा परिणाम में गिरावट आई है।

-संजय गुप्ता
संयुक्त संचालक,शिक्षा




## भाजपा शासन काल में देशकी स्थिति हुई बदहाल : शफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व ननि अंबिकापुर नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा है कि देश की स्थिति भारतीय जनता पार्टी के सत्ताकाल के दौरान बदहाल हो गई है। आज देश अर्थव्यवस्था के मामले में 149 में नंबर पर है। जबकि अर्थव्यवस्था में यह माना जाता है कि दुनिया में छठवें नंबर की अर्थव्यवस्था अपने देश की है, इसके बावजूद वर्तमान में अपनी नाकामियों को थोपने के लिए प्रधानमंत्री जी ने जिस तरह से देश के लोगों को संबोधित किया है उससे प्रतीत होता है कि देश को नाकामियों के रास्ते ले जाकर देश को गर्त में धकेलने की कोशिश है। सोना ना खरीदने से लेकर के उर्वरक के कम उपयोग की नसीहत दी।

- महंगाई, पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि को लेकर साधा निशाना

शफी अहमद शुक्रवार को नगर में कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह नसीहत पांच राज्यों में बेतहाशा जीत के बाद दी गई जबकि इन राज्यों के चुनाव में अरबों खरबों रुपए खर्च किए गए। देश में कच्चे तेल के लिए भंडारण की आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई जबकि कांग्रेस के शासनकाल के दौरान मनमोहन सिंह ने ऐसे तीन क्रूड ऑयल के भंडारण की नींव रखी थी। डीजल पेट्रोल आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा दिया गया है बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है लोग परेशान हैं। गृहणियों का घर चलना मुश्किल हो गया है। कुल मिलाकर अपनी नाकामियों को प्रधानमंत्री ने देश पर थोप दिया है। वर्तमान परिस्थितियों में प्रधानमंत्री को अपने उन बातों पर अमल करना चाहिए तो उन्हें अपना झोला उठाकर चल देना चाहिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष हरिहर यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम ने भी पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान रामदेव जगते, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सुनील गुप्ता, राजेंद्र भगत, लालसाय मिंज, जितेंद्र गुप्ता, दोमनिक एक्का, संजीत चौबे, विश्वजीत सिंहदेव, ब्लॉक अध्यक्ष समीर सिंहदेव, सत्येंद्र पांडेय बृजेश मिश्रा, राम बिहारी यादव, विभु जायसवाल, बुद्धदेव पोया, संतन भगत, अमित यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## जमीन सौदे में गड़बड़ी का आरोप अपर कलेक्टर के खिलाफ जांच शुरू

सूरजपुर। जिले में पदस्थ एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पर लगे भ्रष्टाचार और बेनामी संपत्ति के आरोपों ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने वर्तमान अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा के खिलाफ संयुक्त जांच टीम गठित कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जगन्नाथ वर्मा ने अपने पूर्व पदस्थापना कार्यकाल के दौरान सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में नियमों की अनदेखी करते हुए करोड़ों रुपये की जमीन के सौदे में अनियमितताएं कीं। शिकायत के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग-43 स्थित ग्राम मदनपुर की पुनर्वास भूमि को कथित रूप से प्रभाव का इस्तेमाल कर निजी लोगों के नाम दर्ज कराया गया और बाद में बेनामी तरीके से उसका हस्तांतरण किया गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि जमीन की वास्तविक कीमत करीब दो करोड़ रुपये थी, लेकिन दस्तावेजों में कम मूल्य दर्शाकर स्टांप शुल्क में भारी गड़बड़ी की गई। मामले में कई चरणों में नामांतरण और रजिस्ट्री होने की बात भी सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति में जिला पंचायत सीईओ बिजेंद्र सिंह पाटले को अध्यक्ष बनाया गया है।

## चाचा की प्रताड़ना से परेशान भतीजी पहुंची कलेक्टर-एसपी के पास, न्याय की लगाई गुहार

प्रतापपुर। जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम बड़वार के बरगीडीह में एक भतीजी ने अपने ही चाचा पर जमीन कब्जाने, मारपीट करने, धमकी देने और लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाई है। पीड़िता ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बड़वार बरगीडीह निवासी पीड़िता जसमुन निशा आ. मोहम्मद इनुस ने कलेक्टर व एसपी से किए शिकायत में बताया कि चाचा इनत मोहम्मद आ. स्वर्गीय जाफर अली द्वारा लगातार उनके हिस्से की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।



तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 17 मई 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

2 गर्मी में भीषण जल संकट से जूझ रहे ग्राम जमोनी के पहाड़ी कोरवा परिवार



## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला



**मनेन्द्रगढ़।** शहर के रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक के मालगाड़ी के सामने आने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रोटेक्शन फॉर्स की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना आत्महत्या है या कोई अन्य कारण, इसका स्पष्ट खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। मामले को लेकर रेलवे एवं पुलिस विभाग जांच में जुटा हुआ है।

### चोरी कांड: फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** जनकपुर थाना क्षेत्र में हुई लाखों रूपए की चोरी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5 हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया है। यह घोषणा पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर रत्ना सिंह द्वारा की गई है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना जनकपुर के अपराध क्रमांक 98/2026 में धारा 305 (ब)(ग) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी ध्रुव यादव निवासी खिरकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की जनकपुर शाखा से 4 लाख 25 हजार रूपए निकाले थे और रकम को अपनी कार की सामने सीट पर रखा था। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों ने कार का कांच तोड़कर रकम पार कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान पिंटू यादव निवासी न्यूटोला, जुबलीगंज वार्ड नंबर 1 थाना कोढ़ा जिला कटिहार (बिहार) तथा सुमित सिसोदिया उर्फ बंदर निवासी भेलगांव थाना अनूपपुर के रूप में की है। दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, लेकिन अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस अधीक्षक ने घोषणा की है कि आरोपियों की गिरफ्तारी अथवा गिरफ्तारी में सहायक महत्वपूर्ण सूचना देने वाले व्यक्ति को 5 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस ने आम नागरिकों से भी मामले में सहयोग की अपील की है।

### रात 3:30 बजे तक चला राहत कार्य, आंधी-तूफान में डटी रही नपा और विद्युत विभाग की टीम

# बैकुंठपुर में आंधी-पानी का कहर, जगह-जगह गिरे पेड़, कई मार्ग रहे बाधित, घंटों बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शुक्रवार देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ हुई जोरदार बारिश ने पूरे बैकुंठपुर शहर में भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के कारण शहर के कई इलाकों में पेड़ उखड़कर सड़कों और मकानों पर गिर पड़े, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आंधी-पानी के चलते विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई और शहर के अधिकांश हिस्सों में रातभर बिजली गुल रही। तेज हवाओं की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए और पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। अचानक बिजली बंद होने से लोगों को गर्मी और अंधेरे के बीच रात गुजारनी पड़ी। वहीं पेड़ गिरने से कई मुख्य मार्गों पर आवागमन भी प्रभावित रहा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका और विद्युत विभाग की टीम रात में ही मैदान में उतर गई। कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर राहत और मरम्मत कार्य शुरू किया। शहर के अग्रवाल सिटी, एसईसीएल तिराहा, पटना लाइन, खुटहनपारा, सिविल लाइन समेत अन्य जगहों पर नगर पालिका की टीम द्वारा जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटाया गया, जबकि विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने टूटे तारों और फॉल्ट को सुधारने का काम देर रात तक जारी रखा।

शहर के कई मोहल्लों में देर रात तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी। अधिकारियों का कहना है कि प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से सुधार कार्य किया जा रहा है और जल्द ही पूरी व्यवस्था सामान्य कर दी जाएगी। आंधी-पानी के बाद शहर में जगह-जगह पेड़ और टहनियां बिखरी नजर आईं। ⏭ शेष पेज 4 पर



शहर के विभिन्न जगहों में गिरे पेड़ों का रात्रि में जारी अभियान



शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

# 12 गांवों के ग्रामीण पहुंचे मिले 500 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पोड़ी में महुआ पेड़ की छांव में खुले मैदान में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 12 गांवों के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए। विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित लगभग 500 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 38 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों का उद्देश्य प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि कई बार ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती, इसलिए सभी विभागों के स्टॉल एक ही स्थान पर लगाए गए हैं ताकि लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ दोनों मिल सकें। कलेक्टर ने मोर गांव मोर पानीश अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हुए वृक्ष पर एक लोटा पानी अर्पित किया तथा ग्रामीणों से पानी की एक-एक बूंद बचाने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि आज समाज में नशा एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिससे दुर्घटनाएं एवं अपराध बढ़ रहे हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उन्होंने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर श्रीमती यादव ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गोदभराई एवं अन्नप्राशन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि माताओं एवं बच्चों को नियमित पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना बेहद जरूरी है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, उनकी जांच करते रहें और समुचित इलाज भी करें। शिविर में हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फूड बास्केट, प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास की चाबी एवं अभिनंदन पत्र, मत्स्य जाल, आइस बॉक्स तथा दिव्यांग एवं बुजुर्गों को छड़ी सहित विभिन्न हितग्राही मूलक सामग्रियों का वितरण किया गया। कलेक्टर ने 5 प्रतिशत मॉडल में किसानों एवं जनप्रतिनिधियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने शिविर में लगाए गए विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर पहुंचकर स्वयं हीमोग्लोबिन जांच भी कराई। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से आवा पानी झोंकी अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए 5 प्रतिशत मॉडल के अंतर्गत सोख्ता गड्ढों का निर्माण करने एवं भू-जल स्तर बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की।

■ 38 मामलों का मौके पर निराकृत

# सांस्कृतिक महोत्सव जश्न ए जबां कोरिया में 23 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कला, संस्कृति, संगीत, साहित्य व लोककला का प्रतिष्ठित आयोजन जश्न ए जबां आगामी 23 व 24 मई को झुमका ओपन एयर थियेटर में आयोजित किया जाएगा।

■ झुमका ओपन एयर थियेटर में 100 से ज्यादा कलाकार व साहित्यकार देंगे प्रस्तुति



इस दो दिवसीय आयोजन में विविध साहित्यिक विमर्श, पुस्तक चर्चा, कथक नृत्य, लोक संगीत, गेड़ी नृत्य, शास्त्रीय वादन व कवि सम्मेलन जैसे आयोजन में प्रदेश व देश के अनेक लोकप्रिय साहित्यकार व कलाकार सहभागिता देंगे। सांस्कृतिक संस्था श्री साईनाथ फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस भव्य महोत्सव का कोरिया जिले में पहली बार आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर महीने भर से बड़े स्तर पर तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। जश्न ए जबां के दो दिवसीय आयोजन के दौरान साहित्यधर्मियों के पुस्तकों का विमोचन, ओपन माइक, युवा कवि सम्मेलन, फोटो प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी के साथ वर्तमान साहित्य के मुख्य विषयों पर परिचर्चा सत्र, लोक नृत्य, शास्त्रीय संगीत व नृत्य एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होना है।

देश-प्रदेश से आ रहीं प्रतिभाएं- जश्न ए जबां के इस आयोजन में विख्यात लोक गायिका आरू साहू, द कपिल शर्मा शो के लेखक एकाग्र शर्मा, बनारस घराने के कथक साधक डॉ. अमृत मिश्रा, लोकप्रिय कवयित्री सान्या राय, तबला वादक आनंद कुमार, गीतकार गौरव साक्षी, कथक गुरु डॉ. संगीता कापसे, लोक नर्तक खगेश पैकरा, सितार वादक डॉ. आनंद मिश्रा, मशहूर शायर अक्स समस्तीपुरी और हास्य कवि हीरामनी वैष्णव जैसे दर्जनों प्रख्यात चेहरे कार्यक्रम के मंच की शोभा होंगे। कोरियावासियों के लिए निश्चित रूप से यह अनूठा व अद्भुत अनुभव होगा।

**झुमका ओपन थियेटर में आयोजन-** जश्न ए जबां के इस सातवें संस्करण के आयोजन स्थल व कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए आयोजन समिति ने बताया कि यह ⏭ शेष पेज 4 पर

### तलवार से हमला करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** तलवार लहराने और मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार नमनाकला खटिकपारा निवासी अंजनी सारथी पति तहसील सारथी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 13 मार्च को मोहल्ले का लेदरी ने मामूली विवाद पर अपने साथी गोपी एवं गोलू के साथ तलवार लेकर पहुंचा और तलवार के हत्थे से सिर पर वार किया जिससे वह घायल हो गई। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नमनाकला झंझटपारा निवासी 19 वर्षीय सूर्या सोनवानी उर्फ लेदरी आ. घाना सोनवानी, खटिकपारा निवासी 27 वर्षीय गोपी चैधरी आ. शिवबली चैधरी व 24 रवि गुप्ता उर्फ गोलू आ. नन्दकिशोर गुप्ता को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त तलवार जब्त किया है। इस कार्रवाई में उनि केके यादव, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा आदि सक्रिय रहे।

# बीएससी नर्सिंग चतुर्थ बैच के विद्यार्थियों की विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर का स्वागत समारोह एवं बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के विदाई समारोह के उपलक्ष में संस्था द्वारा 15 मई को न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के मल्टीपरपज हॉल में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. प्रिंस जायवाल एवं संस्था के सचिव श्रीमती वंदना जायसवाल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन से हुआ। बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्राओं का टीका एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों के सम्मान उपरांत स्वागत नृत्य तृतीय सेमेस्टर के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया, विविध कार्यक्रम रैम्प वॉक, गेम्स, सामूहिक नृत्य बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के द्वारा उद्बोधन में नर्सिंग शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। विदाई समारोह में जूनियर बैच के द्वारा सिनियर बैच का सम्मान किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। सिनियर बैच ने अपने चार वर्ष का अनुभव साझा किया एवं संस्था की सराहना करते हुए छात्राओं के द्वारा आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथियों के द्वारा बीएससी नर्सिंग चतुर्थ बैच के मिस ईव सुनीता अहिरवार व मिस्टर ईव योगेश गोयंकर एवं मिस न्यू लाइफ रेशमी साहू व मिस्टर न्यू लाइफ प्रदीप कुमार को ⏭ शेष पेज 4 पर

### बैकुण्ठपुर में रोजगार मेला 19 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुण्ठपुर कोरिया द्वारा 19 मई को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कलेक्ट्रेट परिसर, जिला पंचायत के पीछे, गढ़कलेवा के बगल, बैकुंठपुर में किया जाएगा। रोजगार मेले में विभिन्न निजी कंपनियां शामिल होकर युवाओं का चयन करेंगी। इसमें कुल 297 पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती के लिए 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, कंप्यूटर डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। रोजगार मेले में प्रमुख रू प से परिश्रम ह्यूमन रिसोर्स, विक्टर फाइनेंस प्रा लिमिटेड, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड तथा जेआर ग्रुप मैनपावर एंड सिक्योरिटी जैसी निजी कंपनियां भाग लेंगी।







# किसान कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**बैकुण्ठपुर।** छग प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एवं प्रदीप गुप्ता गुप्ता अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी की सहमति से छग किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग प्रभारी विमलेश तिवारी की अनुशंसा एवं जिला कोरिया के किसान कांग्रेस कमेटी कोरिया के अध्यक्ष कृष्ण कुमार राजवाड़े के अनुमोदन पश्चात ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी बैकुंठपुर ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित की गई है।

कोषाध्यक्ष अंबिकेश्वर महानदिया अ.पि.व. चिरमी, उपाध्यक्ष रोशन केवट अ.पि.व. बांधपारा सरडी, उपाध्यक्ष प्रवीण दुबे सामान्य टेमरी, उपाध्यक्ष विमलकांत पटेल अ.पि.व. तेंदुआ, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश मानिकपुरी अपिव इंदरपुर, उपाध्यक्ष सुनील कुमार पैकरा अ.ज.जा बिशुनपुर, महामंत्री श्रीमती पुष्पा पाण्डेय सामान्य भखार, महामंत्री पिंटू सिंह अ.ज.जा. अमका-पोड़ी, महामंत्री संजय खलखो अ.ज.जा आमगांव महामंत्री संदीप राजवाड़े अ.पि.व. बरदिया, महामंत्री बंधूराम यादव अ.पि.व. चिरगुड़ा, सचिव नरेश राजवाडे अ.पि.व. पिपरा, सचिव सुभाष सिदार अ.ज.जा. बड़े कलुआ, सचिव राम कुमार सिंह अ.ज.जा. गणेशपुर, सचिव भगवान सिंह अ.ज.जा. कटकोना, प्रवक्ता राजेन्द्र प्रसाद साहू अ.पि.व. अगा, प्रवक्ता संतलाल राजवाड़े अ.पि.व. ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### करंजी में गौठान से लगे सोलर पंप खोल ले गए अज्ञात बदमाश

बिश्रामपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करंजी के गौठान में लगे सोलर पंप को अज्ञात चोरों ने खोल कर पार कर दिया है।सरपंच पति रामचंद्र सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अब प्रत्येक मंगलवार को टीएल मीटिंग और जनदर्शन

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित होने वाली समय-सीमा की बैठक अब प्रत्येक मंगलवार को संपन्न होगी। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम भी अब मंगलवार को समय-सीमा की बैठक समाप्त होने के बाद आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्ट्रेट कोरिया द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का अधिक प्रभावी एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले नागरिक अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक, सार्वजनिक एवं राजस्व संबंधी समस्याओं, मांगों और शिकायतों को सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, ताकि प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### शराबी ने टांगी से हमला कर व्यवसायी को उतारा मौत के घाट

अम्बिकापुर। शराब के नशे में धुत ग्रामीण ने न सिर्फ सब्जी व्यवसायी से गाली गलौज किया बल्कि अपने पास रखे टांगी से व्यवसायी के गर्दन पर प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए सब्जी व्यवसायी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत सब्जी व्यवसायी को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रघुनाथनगर निवासी राम प्रसाद आ. राम किशुन (50 वर्ष) साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचता है। गत दिन जनकपुर साप्ताहिक बाजार में बाइक से सब्जी बेचने गया था। बाजार में सब्जी को रख कर बाइक से जाने लगा तभी जनकपुर निवासी बधू सिंह आ. रामशरण सिंह नामक ग्रामीण जो शराब के नशे में धुत था। पहले सब्जी व्यवसायी विवाद किया फिर अपने पास रखे टांगी से उसके गर्दन पर प्राणघात हमला कर दिया। टांगी के वार से सब्जी व्यवसायी राम प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख बाजार में मौजूद लोगों ने उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की नाजुक हालत को देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत सब्जी व्यवसायी को मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुद्र कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने में भेजने की तैयारी में है।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स राजीव कुमार चौदहा से श्रीमती प्रीति चौदहा को दिनांक 01.04.2026 से अलग हो गई हैं। उक्त दिनांक से पृथक किये गये भागीदारी का हमारी फर्म से कोई भी लेना देना नहीं होगा।

मे. राजीव कुमार चौदहा
बैकुंठपुर


### सुबह से मंदिरों और बरगद वृक्ष के पास जुटी रहीं सुहागिनें

# अखंड सौभाग्य की कामना के साथ बरगद की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

वट सावित्री व्रत के अवसर पर शनिवार सुबह से ही शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और आस्था का माहौल देखने को मिला। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना को लेकर विधि-विधान से वट सावित्री पूजा की। मंदिरों और बरगद वृक्षों के पास सुबह से महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा की थाली लेकर बरगद पेड़ के पास पहुंची और पूजा-अर्चना कर पेड़ की परिक्रमा करते हुए धागा बांधा। महिलाओं ने वट वृक्ष की फेरी लगाकर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा स्थलों पर भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

धार्मिक मान्यता के अनुसार वट सावित्री व्रत में बरगद वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि माता सावित्री ने अपने तप और दृढ़ संकल्प से पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। इसी आस्था के साथ महिलाएं यह व्रत रखकर अपने पति के सुखद एवं दीर्घ जीवन की कामना करती हैं। शहर के प्रमुख मंदिरों और वट वृक्ष स्थलों पर दिनभर पूजा का सिलसिला चलता रहा। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से कथा श्रवण भी किया। पूजा को लेकर बाजारों में भी सुबह से रौनक देखने को मिली और पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही।





### उत्साहपूर्वक मनाया गया वट सावित्री पर्व

मनेन्द्रगढ़। जिलेभर में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पूजा-अर्चना की और अपने पति की लंबी आयु एवं सुख-समृद्धि की कामना की। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास सुबह से महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। महिलाओं ने विधि-विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा की, जल अर्पित किया तथा वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण किया और माता सावित्री एवं सत्यवान की कथा का स्मरण किया। मनेन्द्रगढ़ के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक वातावरण बना रहा। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर पारंपरिक गीत भी गाए। पूजा स्थलों पर श्रृंगार सामग्री, फल-फूल एवं पूजन सामग्री की दुकानों में भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। बाजारों में सुबह से रौनक बनी रही। हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि माता सावित्री ने अपने तप, त्याग और अटूट संकल्प से अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। इसी कारण सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना के साथ यह व्रत रखती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। महिलाएं समूह में वट वृक्ष के पास पहुंची और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न की। कई स्थानों पर महिलाओं ने एक-दूसरे को वट सावित्री पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। पर्व के अवसर पर जिले का धार्मिक माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। महिलाओं ने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हुए व्रत का पालन किया।



### सुहागिन महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत



चरचा कॉलरी। सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला वट सावित्री व्रत शनिवार 16 मई को ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। चरचा कॉलरी क्षेत्र में नेपाल गेट मुख्य मार्ग एवं ऑफिसर कॉलोनी स्थित वट वृक्षों के नीचे सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सोलह श्रृंगार से सजी सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए वट वृक्ष की पूजा की। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट सावित्री व्रत पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इसी आस्था के साथ महिलाओं ने व्रत रखकर बरगद के पेड़ की विधिवत पूजा की तथा वट वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा की। पूजा के दौरान महिलाओं ने सत्यवान-सावित्री की कथा का श्रवण एवं पाठ भी किया। पूजन के दौरान कई स्थानों पर महिलाओं ने एक-दूसरे को पूजा में उपयोग किए जाने वाले पंखे से खोइछा देने की परंपरा निभाई तथा सिंदूर दान भी किया। इसके बाद महिलाओं ने अपने परिवार के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और भक्ति का माहौल देखने को मिला। वट सावित्री व्रत को हिंदू धर्म में सुख, समृद्धि और अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। चरचा कॉलरी क्षेत्र में इस पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह नजर आया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली और पति की लंबी आयु की कामना की। पूजा स्थलों पर सुबह से ही महिलाओं का आना-जाना लगा रहा। पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने भक्ति भाव के साथ पूजा संपन्न की। कई महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर परिवार की सुख-शांति और वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। वट वृक्ष के नीचे महिलाओं द्वारा गाए गए पारंपरिक मंगल गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। स्थानीय बुजुर्ग महिलाओं ने युवा पीढ़ी को वट सावित्री व्रत की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माता सावित्री ने अपने तप, त्याग और दृढ़ संकल्प से अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे, तभी से यह व्रत अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। चरचा कॉलरी क्षेत्र में वट सावित्री व्रत को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

## कला जत्था के माध्यम से जनगणना प्रथम चरण का प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिला जनगणना अधिकारी के निर्देश अनुसार नगर पंचायत पटना द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफल बनाने के लिए कला जत्था के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को जनगणना के महत्व से अवगत कराना और शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है। कला जत्था की टीमें नगर पंचायत के सभी वार्डों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, लोकगीत, गीत-संगीत एवं संवाद के माध्यम से जनगणना 2027 की जानकारी दे रही हैं। इसमें बताया जा रहा है कि जनगणना से प्राप्त ऑकड़े ही विकास योजनाओं, सुविधाओं और जनकल्याणकारी नीतियों का आधार बनते हैं। जनगणना राष्ट निर्माण की नींव है। कला जत्था हमारी संस्कृति से जुड़कर लोगों तक आसानी से संदेश पहुंचाता है। मैं नगर पंचायत के सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि जनगणना कर्मी जब आपके घर आएं तो सही और पूर्ण जानकारी दें। आपकी भागीदारी से ही पटना का समुचित विकास संभव होगा।



### प्रथम चरण की मुख्य बातें

मकानों की सूची एवं मकानों की गणना की जाएगी, नागरिकों से परिवार की जानकारी एकत्र की जाएगी एवं सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। कला जत्था का यह अभियान 30 मई तक निरंतर चलेगा। नगर पंचायत सभी सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से इस अभियान में सहयोग की अपेक्षा करती है।

### पेड़ गिरने से दबा वृद्ध उपचार के दौरान हुई मौत

अम्बिकापुर। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम जबला निवासी सुखदेव राम आ. रूगंटू राम (63 वर्ष) बुधवार की सुबह घर के पास पुराने मुनगा पेड़ में स्पोट के लिए लगाए गए सीढ़ी को हटा रहा था। जैसे ही वृद्ध सीढ़ी को हटाया तभी मुनगा पेड़ वृद्ध पर ही गिर गया जिससे पेड़ के नीचे वृद्ध दब गया। इधर परिजन ने वृद्ध को पेड़ के नीचे दबा देख किसी तरह उसे बाहर निकाला और बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां गुरूवार की सुबह वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सीएम हेल्पलाइन के तहत अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**बलरामपुर**। सुशासन एवं अभिसरण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार गुड गवर्नेंस की दिशा में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत प्राप्त विभिन्न विभागीय शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निराकरण हेतु संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीएम हेल्पलाइन 1076 एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य स्तर से नामित प्रशिक्षण दल प्रमुख आरके शर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन मुख्य रूप से शिकायत निवारण की एक प्रभावी प्रणाली है, जिसके माध्यम से आमजन किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत 24 घंटे 7 दिन दर्ज करा सकते हैं। इसके संचालन हेतु चौबीसों घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन प्रणाली पांच प्रमुख जिसमें शिकायत ट्रैकिंग, समयबद्ध निवारण, नागरिक फीडबैक, पारदर्शिता एवं जवाबदेही तथा कुशल निगरानी पर आधारित है। प्रत्येक शिकायत पश्चात 12 अंकों का विशिष्ट टोकन क्रमांक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति की जानकारी प्रत्येक चरण में प्राप्त कर सकेगा। सीएम हेल्पलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली नागरिकों की शिकायतों, सुझावों एवं समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण हेतु एक ऑनलाइन माध्यम है। नागरिकों की सुविधा के लिए शिकायत दर्ज कराने के विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें 1076 हेल्पलाइन नंबर, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप एवं वाट्सएप जैसी सुविधाएं शामिल हैं। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर आरएस लाल, नोडल अधिकारी सीएम हेल्पलाइन एवं अपर कलेक्टर प्रमोद गुप्ता, आरएन पांडेय, अभिषेक गुप्ता, चेतन बोरघरिया सहित अनुविभागीय अधिकारी, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## नाबालिग से विवाह कर जबरदस्ती पत्नी बनाकर रखने के मामले में होगा अपराध पंजीबद्ध

*चाइल्ड लाइन तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम कार्रवाई कर रही*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में बाल विवाह के प्रकरण लगातार प्रकाश में आ रहे हैं तथा कुछ लोग प्रशासन की कार्रवाई के डर से मुहूर्त से पहले ही बारात बुलाकर विवाह संपन्न करा रहे हैं। ऐसे प्रकरणों पर अंकुश लगाने हेतु कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के सख्त निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम पूरी मुस्तैदी के साथ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में हाल ही में दो बाल विवाह प्रकरण प्रकाश में आए, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधितों के विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो के तहत अपराध पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रथम प्रकरण में सूचना प्राप्त हुई कि भटगांव के पास एक गांव में 14 वर्षीय बालिका का बाल विवाह संपन्न कराया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान बालिका की आयु 14 वर्ष ही पाई गई। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि बालिका का विवाह 4 दिसंबर 2025 को सारासोर मंदिर में लड़की एवं लड़का पक्ष के अभिभावकों की उपस्थिति में पंडित के मंत्रोच्चार के मध्य संपन्न कराया गया था। उस समय बालिका मात्र 13 वर्ष 8 माह की थी। तब से दोनों पति-पत्नी की तरह लड़के के घर में रह रहे थे। सामाजिक रीति-रिवाज से उक्त दिवस को विवाह की औपचारिकता लड़के के घर में संपन्न कराई जा रही थी, जिसकी शिकायत किसी द्वारा प्रशासन को प्राप्त हुई। संयुक्त टीम ने बालिका को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर में संरक्षित किया। दूसरे प्रकरण में टोल फ्री नंबर पर दोपहर के समय सूचना प्राप्त हुई कि प्रेमनगर के दूरस्थ ग्राम में नाबालिग का विवाह संपन्न कराया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग प्रेमनगर की पर्यवेक्षक एवं पुलिस थाना प्रेमनगर की टीम को तत्काल मौके पर जाने हेतु निर्देशित किया गया। टीम जब घर पहुँची तो बालिका वहां नहीं मिली और घर वाले कुछ बताने को राजी नहीं थे।



## फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर सीआरपीएफ में हासिल की नौकरी

**बलरामपुर**। फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर निवास प्रमाण पत्र बनवाकर सीआरपीएफ में भर्ती का मामला सामने आया है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले आरक्षक को सीआरपीएफ से बर्खास्त कर दिया गया और अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि उसके इस कृत्य में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि तहसीलदार बलरामपुर ने कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि जगदलपुर करनपुर सीआरपीएफ 204 कोबरा बटालियन में पदस्थ आरक्षक सुमित आ. अचल सिंह द्वारा ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से विशाल सोनी आ. स्व. सुरेश सोनी के शैक्षणिक दस्तावेजों तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों में कुटरचना कर सुमित आ. अचल सिंह का नाम का उल्लेख कर स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया और स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करवाया लिया।









## पृष्ठ 1 का शेष

### बैकुंठपुर में आंधी-पानी...

कई घरों की टीन शेड और छप्पर भी क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं मिली है, लेकिन अचानक बदले मौसम ने लोगों को डरा दिया।

विपरीत परिस्थितियों में कर्मियों ने निभाई जिम्मेदारी- शुक्रवार देर रात आए तेज आंधी और तूफान ने पूरे शहर की व्यवस्था अस्त-व्यस्त कर दी। कई स्थानों पर पेड़ गिरने से सड़कें बाधित हो गईं, वहीं बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त होने से शहर के अधिकांश हिस्सों में अंधेरा छा गया। ऐसे कठिन हालात के बीच नगर पालिका बैकुंठपुर और विद्युत विभाग की टीम रातभर मैदान में डटी रही। जानकारी के अनुसार रात करीब 3:30 बजे तक नगर पालिका की टीम द्वारा सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटाने और रास्तों को साफ करने का कार्य लगातार जारी रहा। विपरीत परिस्थितियों में सीमित संसाधनों के बावजूद कर्मचारियों ने लगातार मेहनत कर बिजली व्यवस्था बहाल करने का प्रयास किया, जिसकी लोगों ने सराहना की। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि खराब मौसम और रात के अंधेरे के बावजूद जिस तरह नगर पालिका और विद्युत विभाग के कर्मचारी पूरी रात सक्रिय रहे, वह काबिले तारीफ है। -

बारिश के बाद तेज धूप से बढ़ी उमस- बीती रात्रि बारिश और तेज आंधी के बाद शनिवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली। सुबह से निकली तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। बारिश के कारण वातावरण में नमी बढ़ने से उमस का असर अधिक देखने को मिला, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर होते-होते चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं ने गर्मी का अहसास और बढ़ा दिया। बाजारों और सड़कों पर निकलने वाले लोग पसीने और उमस से परेशान नजर आए। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार बारिश के बाद वातावरण में नमी बढ़ जाने से उमस अधिक महसूस होती है।

### सांस्कृतिक महोत्सव...

आयोजन विगत छह वर्षों से प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जा चुका है। इस वर्ष जश्न ए जबां का सातवां संस्करण कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित झुमका बोट क्लब के ओपन एयर थियेटर में आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इस आयोजन में कार्यक्रम शाम 5 बजे से आरंभ होकर रात 10 बजे तक होंगे। यह आयोजन सभी दर्शकों के लिए पूर्णतः निःशुल्क होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के तमाम साहित्य व कलाप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

### किसान कांग्रेस कमेटी...

इरूमदुगा मीडिया प्रभारी, कमल प्रसाद किशोर अ.जा. सरभोका, कार्यालय प्रभारी आकाश कुमार देवांगन अ.पि.व. डुमरिया, कार्यकारिणी सदस्य रूद्र प्रताप सिंह अ.ज.जा. छिंदिया, कार्यकारिणी सदस्य विजेन्द्र सोनवानी अ.जा. छिदिया कार्यकारिणी सदस्य, रामकुमार साहू अ.पि.व. सकरिया, कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुर्रे अ.जा. छूरी, कार्यकारिणी सदस्य धीरज सिंह अ.ज.ज टेड़मा, कार्यकारिणी सदस्य किलेश्वर सिदार अ.ज.जा खंधौरा आदि शामिल हैं।


